आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)

शुक्रवार 14.06.2024 समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- बदरीनाथ और मंगलौर विधानसभा उप चुनाव की अधिसूचना जारी। भारतीय जनता पार्टी ने की प्रत्याशियों की घोषणा।
- अल्मोड़ा जिले के बिनसर वन्यजीव अभ्यारण में भीषण आग की चपेट में आने से चार लोगों की मृत्यु, लापरवाही बरतने पर तीन अधिकारी निलंबित।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जल संरक्षण अभियान के तहत देहरादून में तीन करोड़ 80 लाख रुपए की सिंचाई योजना का लोकार्पण किया।
- देहरादून, पौड़ी, टिहरी, अल्मोड़ा, चम्पावत, नैनीताल, हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर जिले में कल भी अत्यधिक गर्मी और लू का ऑरेंज अलर्ट।

**अधिसूचना**

चमोली जिले की बदरीनाथ और हरिद्वार जिले की मंगलौर विधानसभा सीट पर उप चुनाव की अधिसूचना आज जारी हो गई है। इसके साथ ही नामांकन पत्रों की बिक्री और नामांकन प्रक्रिया भी शुरू हो गई है, जो 21 जून तक चलेगी। 24 जून तक नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी, जबकि नाम वापसी की अंतिम तिथि 26 जून होगी। दोनों विधानसभा सीट पर 10 जुलाई को मतदान होगा और 13 जुलाई को मतगणना होगी। गौरतलब है कि बदरीनाथ में 210 पोलिंग बूथ पर एक लाख दो हजार 145 मतदाता, 2 हजार 566 सर्विस मतदाता हैं। मंगलौर विधानसभा क्षेत्र में 132 पोलिंग बूथ और एक लाख 19 हजार 930 मतदाता व 255 सर्विस मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

**प्रत्याशी घोशणा**

इस बीच, उपचुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। भाजपा ने बद्रीनाथ विधानसभा से पूर्व विधायक राजेंद्र भंडारी को अपना प्रत्याशी बनाया है। वहीं, मंगलौर विधानसभा सीट पर पूर्व मंत्री करतार सिंह भडाना के नाम पर भाजपा ने मुहर लगाई है। वहीं, बसपा ने मंगलौर विधानसभा सीट पर दिवंगत विधायक सरवत करीम अंसारी के बेटे उबेदुर्रहमान को अपना उम्मीदवार घोषित किया है।

**वनाग्नि दुर्घटना**

अल्मोड़ा जिले के बिनसर वन्यजीव अभ्यारण में लगी भीषण आग पर काबू पाने के प्रयास किये जा रहे हैं। आग बुझाने के लिए सेना के हेलीकॉप्टर की मदद से आज नैनीताल जिले के भीमताल से पानी पहुंचाया गया। बिनसर वन्यजीव अभ्यारण में कल आग को बुझाने के लिए गए दल के आठ लोगों के आग की चपेट में आने से दल के चार लोगों की मृत्यु हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों में वन विभाग के स्थायी और अस्थायी कर्मचारी और पीआरडी जवान शामिल हैं। वहीं, गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को इलाज के लिए हेली एम्बुलेंस के माध्यम से नई दिल्ली के एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस बीच, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वनाग्नि की घटना में लापरवाही बरतने पर तीन अधिकारियों पर बड़ी कारवाई की है। मुख्यमंत्री ने कुमाऊं मुख्य वन संरक्षक, मुख्य संरक्षक, नॉर्थ और अल्मोड़ा के प्रभागीय वनाधिकारी को निलंबित करने के निर्देश दिए हैं।

**स्वास्थ्य महानिदेशक**

स्वास्थ्य महानिदेशक डॉक्टर विनीता शाह ने केदारनाथ यात्रा मार्ग पर चिकित्सा इकाइयों और स्क्रीनिंग प्वाइंट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को यात्रा मार्ग पर स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक बेहतर बनाने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने तीर्थ यात्रियों से बातचीत कर यात्रा मार्ग पर विभाग की ओर से उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर भी जानकारी ली। स्वास्थ्य महासचिव ने स्क्रीनिंग प्वाइंट पर तैनात

स्वास्थ्य कर्मियों को 11 भाषाओं में स्वास्थ्य सलाह पर आधारित पैंपलेंट्स को तीर्थयात्रियों को उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए।

**वर्चुअल लोकार्पण**

बागेश्वर जिला अस्पताल में अब जनता को सीटी स्कैन की सुविधा मिल सकेगी। क्षेत्रीय जनता इसकी लंबे समय से मांग कर रही थी। स्वास्थ्य मंत्री डाक्टर धन सिंह रावत ने आज जिला अस्पताल में स्थापित सीटी स्कैन मशीन का क्षेत्रीय विधायक पार्वती दास की मौजूदगी में वर्चुअल माध्यम से लोकार्पण किया। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी सुदूरवर्ती अस्पतालों में अत्याधुनिक मशीने और उपकरण देकर दूरस्थ क्षेत्र की जनता को स्वास्थ्य के क्षेत्र में सहूलियत प्रदान करने का काम वर्तमान सरकार ने किया है।

**समीक्षा**

कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने आज अल्मोड़ा और नैनीताल जिले में जल जीवन मिशन के दूसरे चरण के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। आयुक्त ने कहा कि विभागीय कार्यों में रुकावट करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जल संस्थान और निगम के अधिकारियों को जल जीवन मिशन के तहत आपसी समन्वय और गुणवत्ता के साथ काम करने के निर्देश दिए। श्री रावत ने अधिकारियों को तय कार्यों में देरी होने पर ठेकेदार से स्पष्टीकरण और काम पूरा न होने की स्थिति में ठेकेदार पर कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को जल जीवन मिशन से जुड़े कामों को प्राथमिकता के साथ पूरा करने को कहा ताकि लोगों को पानी की समस्या का सामना न करना पड़े।

**लोकार्पण**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून के डोईवाला विकासखंड में जौली नहर के शीर्ष पर आज जल संरक्षण और जल संवर्द्धन योजना का लोकार्पण किया। इस सिंचाई योजना में लगभग तीन करोड़ अस्सी लाख रुपए की लागत से सौंग नदी पर कालूवाला–जौलीग्रांट सिंचाई नहर के शीर्ष का निर्माण और नहर की मरम्मत का काम किया गया है। इस निर्माण के बाद विभिन्न गांवों की लगभग एक हजार आठ सौ बीघा कृषि भूमि को सिंचाई के लिए हर वक्त पानी मिल सकेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि वर्तमान में पूरे विश्व में जल की कमी को भविष्य के संकट के रूप में देखा जा रहा है। जल संरक्षण में जनसहभागिता की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए श्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड सरकार जल संरक्षण और संवर्धन को लेकर अत्यधिक गंभीर है।

**मौसम**

मौसम विभाग ने राजधानी देहरादून सहित पौड़ी, टिहरी, अल्मोड़ा, चम्पावत, नैनीताल, हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर जिले में कल भी अत्यधिक गर्मी के साथ लू चलने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञान केंद्र, देहरादून के निदेशक बिक्रम सिंह ने कहा बताया कि 17 जून से राज्य में बारिश होने की संभावना है, जिससे तापमान में गिरावट आने की आशा है।

**स्वच्छ भारत मिशन**

चमोली जिले में स्वच्छ भारत मिशन के तहत पोखरी विकासखंड के भिकोना गांव को स्वच्छ ग्राम के रूप में चयनित किया गया है। स्वच्छता के लिए राज्य सरकार की घोषणा के अनुरूप भिकोना ग्राम पंचायत को प्रशस्ति पत्र और 5 लाख की धनराशि से सम्मानित किया जाएगा। ग्राम प्रधान धीरेंद्र सिंह राणा ने बताया कि ग्राम सभा की ओर से गांव को स्वच्छ रखने के लिए कूड़ादान, सेग्रीगेशन सेंटर और सोख्ता पिट बनाए गए हैं और साथ ही जैविक व अजैविक कूड़े के पृथक्कीकरण के लिए पर्यावरण मित्र की नियुक्ति भी की गई है। पर्यावरण मित्र की मदद से हर घर से कूड़ा एकत्रित कर विकास खंड स्तरीय सेग्रीगेशन सेंटर तक पहुंचाया जाता है।

## चारधाम

दस मई से शुरू हुई चारधाम यात्रा के प्रति श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है। चारों धामों और हेमकुण्ड साहिब में दर्शन करने वाले तीर्थयात्रियों का आंकड़ा 22 लाख के पार पहुंच गया है। बदरीनाथ धाम में अब तक साढे पांच लाख से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। यमुनोत्री धाम में अब तक 3 लाख 88 हजार से अधिक, जबकि गंगोत्री धाम में 3 लाख 90 हजार श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। वहीं, केदारनाथ धाम में सबसे अधिक श्रद्धालु पहुंचे हैं और यहां दर्शन के लिए पहुंचने वाले तीर्थयात्रियों का आंकड़ा आठ लाख चालीस हजार से अधिक हो गया है। उधर, चमोली जिले में स्थित सिखों के प्रसिद्ध धाम हेमकुण्ड साहिब में करीब 67 हजार श्रद्धालु मत्था टेक चुके हैं।

## विश्व रक्तदान दिवस

आज विश्व रक्तदान दिवस है। इस अवसर पर आज प्रदेश के विभिन्न स्थानों में रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में चम्पावत जिला अस्पताल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर व विचार गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में एसएसबी, आईटीबीपी सहित जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों ने हिस्सा लिया। उधर, देहरादून की जिला रेडक्रॉस शाखा ने राजकीय दून मेडिकल कॉलेज के सहयोग से लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी मसूरी, में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इसमें 84 यूनिट ब्लड एकत्रित किया गया। शिविर में अकादमी के अधिकारी और कर्मचारियों के साथ ही भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस बल के जवानों ने बढ़—चढ़कर भाग लिया।